तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 28 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

पहली ही बारिश में जल मग्न हुई गांव की सड़क घुटनों तक पानी में चलने को मजबूर ग्रामीण
4

खबर संक्षेप

पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक आज

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ संयुक्त तहसील चाम्पा, सारागांव, बम्हनीडीह की मासिक बैठक मां गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारागांव में रविवार 28 जून को दोपहर 12 बजे से रखी गई है। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी, तथा प्रांतीय निर्देशों की जानकारी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष बालमुकुंद चतुर्वेदी, कार्यवाहक अध्यक्ष नंद कुमार राठौर, गेंदराम डडसेना, तिजेंद्र तिवारी, सचिव विजय सिंह राठौर, गौरीशंकर राठौर, कोषाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रवक्ता रामकुमार राठौर ने पेंशनरों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

प्रधानमंत्री के मन की बात का प्रसारण आज

जांजगीर-चांपा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का प्रसारण रविवार 28 जून को सुबह 11 बजे रेडियो टीवी दूरदर्शन एवं अन्य चैनलों के माध्यम से होगा। मन की बात के जिला संयोजक विवेका गोपाल ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री को अपने-अपने मंडल के प्रत्येक बूथ एवं गांव के गुड़ी चौपाल एवं सार्वजनिक स्थल में मन की बात सुनने हेतु कार्यक्रम सुनिश्चित करने कहा है।

जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

जांजगीर-चांपा। मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के संवाद कक्ष में की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी बाढ़ राहत शाखा देवेन्द्र कुमार चौधरी को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

जांजगीर-चांपा। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, किया हो पीएमआरबीपी 2026 के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के है वे बच्चे जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्टता और उत्कृष्ट योगदान दिया है, नामांकन के लिए पात्र हैं।

शासन का आदेश दरकिनार, शिक्षा विभाग में चल रहा अटैचमेंट का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा जिले में शिक्षा विभाग का भगवान ही मालिक है। शासन के सारे नियमों को दरकिनार करके यहां शिक्षकों का संलग्नीकरण करने का खेल चल रहा है। स्थिति यह है कि न केवल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षक संलग्न है, बल्कि विकासखंड कार्यालय भी इससे अछूता नहीं है। हद तो तब हो जाती है जब अधिकारी आंख मूंदकर संलग्नीकरण आदेश जारी कर देते है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त करने का सख्त आदेश दिया गया है। इसके साथी इस बार स्कूलों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने व्हीएसके एप भी जारी किया गया है। खास बात यह है कि इस एप के माध्यम से शिक्षकों को अपने मूल शाला में ही उपस्थिति दर्ज करानी है, जिसके उपरांत उनका वेतन तैयार किया जाएगा, लेकिन इन सब नियमों के बाद भी जिला शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के अटैचमेंट का सिलसिला कहीं थमने का नाम नहीं ले रहा है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ही आधा दर्जन शिक्षक संलग्न है। इसके अलावा कई लिपिकों को भी यहां संलग्न करके रखा गया है। बताया जाता है कि संलग्नीकरण के इस खेल में बलौदा ब्लॉक में पदस्थ एक मात्र सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी को भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संलग्न करके रखा गया है। इसी तरह नवागढ़ विकासखंड के एक शिक्षक को बम्हनीडीह विकासखंड में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इधर नवागढ़ विकासखंड के ही शिवरीनारायण में पदस्थ प्रधान पाठक को पहले पूर्व माध्यमिक शाला मुड़पार में अटैच करके रखा गया था और अबकी बार नए शिक्षा सत्र में एक नया आदेश निकालकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नवागढ़ ने उसे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दुरपा में प्रधान पाठक के पद पर संलग्न कर दिया है। बताया जाता है कि इसी तरह अन्य विकासखंडों में भी कई शिक्षकों को मनमाने तौर पर मनचाहे शालाओं में संलग्न करके रखा गया है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो, लेकिन शासन द्वारा एक ओर जहां शिक्षकों के संलग्नीकरण को पूरी तरह से समाप्त करके उन्हें मूल शालाओं में भेजने के आदेश दिए गए है तो वहीं जिले में शिक्षकों के संलग्नीकरण का सिलसिला निर्बाध गति से जारी है।

डीईओ से लेकर बीईओ दफ्तर तक कई शिक्षक संलग्न

नवागढ़ बीईओ ने आंख मूंदकर जारी किया संलग्नीकरण का आदेश

शासन के नियमों को ताक पर रखकर शिक्षा विभाग में चल रहे संलग्नीकरण के खेल में नवागढ़ विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने लापरवाही की सारी हदें पार कर डाली है। यहां शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दुरपा में एक शिक्षक को प्रधान पाठक के पद पर संलग्न करने का आदेश जारी हुआ है। खास बात यह है कि जारी तिथि 17 जुलाई 2026 दर्शायी गई है। इसी आधार पर शिक्षक को प्रधान पाठक के पद पर कार्यभारी भी ग्रहण कराया गया। हालांकि अधिकारी इसे लिपिकीय त्रुटि बता रहे है।



कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अ
जिला-जांजगीर-चाम
जिला सहकारी बैंक के सामने मेन रोड-नवागढ़
क्रं./1264/स्था.1/अध्या.व्यव./2026-27
प्रति,
श्री रमेश कुमार देवांगन
संलग्न प्रधान पाठक.शा.पू.मा.शाला मुड़पार
विकासखण्ड-नवागढ़
जिला - जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
विषय :- प्रधान पाठक विहीन शा.पू.मा.शा.दुरपा मे कार्य
संदर्भ :- संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलास
61/2022-23/P-1919 बिलासपुर दिन
उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित के अनुक्रम मे
आदेशानुसार मूल शाला स्व.चंद्रकिरण शर्मा पू.मा.शा.शि
गया है। वर्तमान मे शा.पू.मा.शा. मड़पार मे प्रधान पाठक

सभी को भेजेंगे मूल शाला

शासन के आदेशानुसार शिक्षकों का संलग्नीकरण पूरी तरह से समाप्त करना है। वर्तमान में जो भी शिक्षक जहां संलग्न है, सभी को हटाया जाएगा। सभी को मूल शाला में भेजेंगे। इस बार व्हीएसके एप में उपस्थिति दर्ज होनी है। ऐसे में मूल शाला में ही उपस्थिति दर्ज होने पर वेतन बनेगा।

-**अशोक सिन्हा**, डीईओ, जांजगीर-चांपा

शीघ्र हो सकता है मामले का पर्दाफाश, , पुलिस को मिले अहम सुराग

दिनदहाड़े गोली मारकर महिला की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-सक्ती

सक्ती जिले के जोंगरा गांव में दिनदहाड़े घर घुसकर महिला की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले है। पुलिस का दावा है कि जांच पूरी होते ही मामले का अतिशीघ्र पर्दाफाश किया जाएगा। पुछताछ में यह बात भी सामने आई है कि पति से अलग होने के बाद महिला लिव इन रिलेशन में रह रही थी। इन सभी तथ्यों के आधार पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

गौरतलब है कि शुक्रवार 26 जून को सुबह करीब 11.30 बजे मोटरसाइकिल से पहुंचे दो नकाबपोश युवकों ने जोंगरा गांव में

रहने वाली पूर्णिमा चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावर पूरी तैयारी के साथ उसके घर पहुंचे थे। यहां उन्होंने पूर्णिमा को बुलवाया और जैसे ही वह उनके सामने पहुंची हाथ में पिस्टल रखे एक युवक ने उसके सिर पर गोली मार दी। इसके बाद वह गिरी तो सीने पर दो गोलियां और दाग दी। दूसरा युवक बाइक स्टार्ट करके बाहर खड़ा था। कुछ ही क्षण में दोनों वहां से भाग निकले। घटना के बाद पुलिस का अमला हरकत में आया। पूरी टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरु की गई। इस मामले में पुलिस अधीक्षक प्रफुल ठाकुर ने बताया कि महिला पति से अलग रहने के बाद लिव इन रिलेशन में रह रही थी। उनके मुताबिक सभी तथ्य जुटाए जा रहे है। पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग भी मिले है। उम्मीद है कि शीघ्र ही इस हत्या कांड का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

गोली कांड और चाकूबाजी से दहशत, सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

सुरक्षित और शांत माने जाने वाले अविभाजित जिले में लगातार बढ़ रहे गोली कांड और चाकूबाजी की घटनाओं ने सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। बीते कुछ समय में मामूली विवाद और रंजिश गोली चलाने व चाकू से हमले की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इन वारदातों से लोगों में भय का माहौल है और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अपराधियों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। पहले जहां विवाद मारपीट तक सीमित रहते थे, वहीं लोग अब हथियार निकालकर हमला करने से भी नहीं हिचक रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर अपराधियों के हाथों तक अवैध हथियार पहुंच कैसे रहे हैं। पिछले कुछ समय से हर माह कहीं न कहीं गोली चल रही है। वहीं युवाओं के बीच हर हर माह चाकूबाजी की तीन से चार घटना सामने आ रही है। सक्ती जिला के कर्रापाली में 4 जून को पति और पत्नी के विवाद पर समझाईश देने पहुंचे रिश्तेदार पर फायरिंग कर दी गई। दिलेश्वर सिदार और सोमदेव सिदार ने रिवाल्वर से अजय सिंह गोड़ पर गोली चला दी। अजय सिंह गोड़ ने झुक कर अपनी जान बचाई। हालांकि पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। दोनों के कब्जे से देशी रिवाल्वर व देशी कट्टा बरामद किया गया। जांजगीर-चांपा जिला के बिर्रा थाना अंतर्गत ग्राम करही में 24 - 25 अप्रैल की दरमियानी रात घर घुसकर दो सगे भाइयों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई। इस हमले में बड़े भाई आयुष कश्यप की मौत हो गई, जबकि छोटा भाई आशुतोष कश्यप गंभीर रूप से घायल हो गया। रेत के कारोबार की प्रतिस्पर्धा और रंजिश पर वारदात की गई। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर देशी पिस्टल बरामद किया।इससे पहले पामगढ़ थाना क्षेत्र के व्यास नगर में 23 मार्च को मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान रिटायर्ड फ़ौजी गुलशन श्रीवास ने अपने लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर दी। पिस्टल की गोली पंकज कश्यप के जांघ पर लगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुलिस द्वारा नियमित सघन जांच अभियान चलाया जाए और अवैध हथियारों की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई हो, तो ऐसी घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है।

कैप्सूल वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

जैजैपुर। जिले के जैजैपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा हसौद-धनवार पारा मार्ग पर हुआ। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 27 जून को भेड़ीकोना निवासी अरविंद सोनी और सहसराम बाइक से जा रहे थे। वे हसौद-धनवारपारा मार्ग पर पहुंचे ही थे कि इसी दौरान कैप्सूल वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अरविंद सोनी और सहसराम गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और जैजैपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर पहुंचाया गया। इलाज के दौरान अरविंद सोनी की मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल सहसराम की हालत चिंताजनक होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल जांजगीर रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इधर हादसे के बाद घटना स्थल पर आवागमन बाधित हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया। जैजैपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

कोर्ट के आदेश की अवहेलना पर आरओसी मुंबई बीमा कंपनी के अधिकारी को कड़ी फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान करने में लगातार टालमटोल और न्यायालय के आदेश की अनदेखी करना बीमा कंपनी और रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) मुंबई के अधिकारियों

- **15 दिन में भुगतान नहीं हुआ तो बीमा कंपनी के एमडी को सिविल जेल भेजने की चेतावनी**

पर भारी पड़ गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयदीप गर्ग ने न्यायालयीन आदेश की अवहेलना को गंभीर मानते हुए आर ओ सी मुंबई के उप रजिस्ट्रार और बीमा कंपनी के विधि अधिकारी को न्यायालय में तलब कर कड़ी फटकार लगाई। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी कि 15 दिनों के भीतर आदेश का पालन नहीं होने पर बीमा कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर सिविल जेल भेजा जाएगा। मामला मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में मृतक के आश्रितों को न्यायालय

द्वारा पारित क्षतिपूर्ति राशि के भुगतान से जुड़ा है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसारआदेश के बावजूद संबंधित बीमा कंपनी 'सेम्पो यूनिवर्सल' ने भुगतान में लगातार देरी की। इसके बाद न्यायालय ने कंपनी की संपत्ति पर चार्ज सृजित करने के लिए रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आर ओ सी) मुंबई को पत्र भेजा था, लेकिन आर ओ सी ने आदेश के पालन में असमर्थता जता दी। इस पर पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता राजन फुलर ने न्यायालय में अवमानना की कार्यवाही का आवेदन प्रस्तुत किया। न्यायालय ने मामले को गंभीर मानते हुए आर ओ सी मुंबई के विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही प्रारंभ करने का आदेश दिया। अवमानना की कार्रवाई के बाद आर ओ सी मुंबई के उप रजिस्ट्रार अरुण कुमार सिंह को मुंबई से तथा बीमा कंपनी के विधि अधिकारी देशवंत मेहर को रायपुर से व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होना पड़ा। सुनवाई के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने दोनों अधिकारियों को न्यायालयीन आदेशों के पालन में लापरवाही पर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि न्यायिक आदेशों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। सुनवाई के दौरान दोनों अधिकारियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए न्यायालय से बिना शर्त माफी मांगी और भविष्य में ऐसी चूक नहीं होने का आश्वासन दिया। इसके बाद न्यायालय ने उन्हें सशर्त राहत देते हुए आदेश के पालन के लिए अंतिम रूप से 15 दिनों का समय दिया। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं किया गया तो आर ओ सी मुंबई के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा बीमा कंपनी के प्रबंध निदेशक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर उन्हें सिविल जेल भेजा जाएगा।

नकली मंगलसूत्र गिरवी रखकर 40 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

नकली मंगलसूत्र को असली सोना बताकर दो युवकों ने ज्वेलरी कारोबारी से 40 हजार रुपये की

- **दो शातिर आरोपियों को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर किया गिरफ्तार**

ठगी कर ली। पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों के भीतर ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी की पूरी राशि 40 हजार रुपये नगद तथा वारदात में प्रयुक्त बलेनो कार जब्त कर ली है।

पुलिस के अनुसार हिमांशु सोनी पामगढ़ में 'केसर लाल एंड संस' नाम से ज्वेलरी दुकान संचालित करता है। शुक्रवार 26 जून की शाम सफेद रंग की बलेनो

जब्त बोलेनो कार व पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

कार से दो युवक उसके पास पहुंचे। पैसों की जरुरत बताते हुए उन्होंने सोने का मंगलसूत्र गिरवी रखकर 50 हजार रुपये की मांग की। रसीद मांगने पर एक युवक ने खुद को अमित तिवारी बताते हुए नकली बिल दिखाया। मंगलसूत्र को असली सोना समझकर दुकानदार ने 40 हजार रुपये दे दिए। दोनों युवकों के जाने के बाद व्यवसायी हिमांशु सोनी ने मंगल सूत्र की जांच की तो पता चला कि वह बेनटेक्स का था। इसके बाद हिमांशु सोनी ने तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने साइबर सेल की सहायता से आरोपियों का पता लगाकर बलौदा बाजार में दबिश दी, जहां से दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमन सोनी उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक-9, बलौदा बाजार तथा अमित सोनी उम्र 42 वर्ष निवासी वैष्णव कॉलोनी, बलौदा बाजार के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने ठगी की वारदात स्वीकार कर ली। पुलिस ने दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सावन सारथी, उप निरीक्षक सुरेश जाट, सहायक उप निरीक्षक प्रमोद महार, आरक्षक श्याम ओग्रे, बेदराम पटेल, सैनिक अनिल दिनकर तथा थाना पामगढ़ पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

PREMIER ACADEMY
सर्वश्रेष्ठ संस्थान
सच्चे परिणाम
TOPPERS की पहली पसंद PREMIER ACADEMY बिलासपुर
Directors
Dr. Ranit Gumber
Jayesh Gumber
ADMISSION OPEN FOR 2026-27
Offline Batch
DROPPER BATCH
NEET/IIT-JEE
FOR 12TH PASSED STUDENT
2 YEAR PROGRAM
CLASS-11th+12th
SCHOOL + COACHING
1 YEAR PROGRAM
CLASS-12th
SCHOOL + COACHING
FOUNDATION
CLASS
7th TO 10th
NEET 2024/25 में 70+ छात्र Govt. Medical College के लिए प्रवेशित
SAINI RANJAN DAS AIIMS BHUBANESWAR
S.MEENAL JNM RAIPUR
GUNGUN SINGH GMC Kanpur
RIYA MISHRA GMC DELHI
BIRENDRA GMC GWALIOR
SHIVAM SAHU GMC JABALPUR
ASHUTOSH PT. JNM RAIPUR
ADITYA KURREY PT. JNM RAIPUR
SANDHYA SAHU PT. JNM RAIPUR
RISHI SHEKHAR CIMS BILASPUR
AKANKSHA CIMS BILASPUR
REKHA CIMS BILASPUR
LOKESH JAISWAL GMC RAJNANDGAON
SHWETA GMC RAJNANDGAON
PRIYANKA GMC RAJNANDGAON
MAMTA NETAM GMC JAGDALPUR
UPENDRA GMC JAGDALPUR
CHANDRADEV GMC AMBIKAPUR
GAGAN SINGH GMC AMBIKAPUR
ANJANA BHAGAT GMC AMBIKAPUR
NANDINI GMC AMBIKAPUR
ARCHI SAHU GMC AMBIKAPUR
SHRISHTI MINJ GMC AMBIKAPUR
AISH RAJ GMC AMBIKAPUR
SNEHA TIGGA CCMC DURG
VOMESHWARI CCMC DURG
C.G. BOARD ONLINE BATCH
हिन्दी माध्यम ऑनलाइन बैच
कक्षा 11th & 12th CG Board
PHYSICS CHEMISTRY MATHS BIO
हिन्दी माध्यम / ENGLISH MEDIUM
Class 10th CG Board
MATHS SCIENCE SOCIAL SCIENCE
स्कैन करें
ऑनलाइन क्लास ज्वाइन करने के लिए
Class 10th Board Topper's
7 STATE RANK 98% MAOSAMI
7 STATE RANK 98% LEENA
8 STATE RANK 97.83% VIBHA
ABHYUDAY 97%
NEETU 96.4%
VED PANDIYA 96%
AKSHAT 95.6%
SHTAKSHI 94.6%
RISHIKA 94%
PAWNI PATEL 94%
ARUSHI 94.%
ANAMIKA 93.6%
RAGHAVAN 93.6%
NIMRIT 93%
PRERNA SAHU 97.2%
SAKSHI KASHYAP 97.2%
KUSUM SAHU 97%
SARITA PATEL 97%
GARIMA PAIKRA 97%
HIMANSHU SINHA 97%
DANESHWARI 96.8%
Main Branch - Gumber Complex, In Front Of Old High Court, Bilaspur
Mangla Branch - Bachpan School Campus, Opp. 36 Mall, Mangla Chowk Bilaspur
Sarkanda Branch - Beside Palm Enclave, Seepat Road, Sarkanda Bilaspur
8902987789
6260618880
Follow us on
@PREMIER_ACADEMY_CG

खबर संक्षेप

संजना ने राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में बढ़ाया मान

कोरबा। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2, जमनीपाली की छात्रा संजना अग्रवाल पिता मुकेश अग्रवाल ने 36वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता (2025-26) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर के जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में 25 जून को आयोजित भव्य समारोह में उसे उत्कृष्ट नेतृत्व और प्रभावशाली वक्तृत्व कला के लिए इंडिविजुअल मेरिट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। देशभर के 200 से अधिक केंद्रीय विद्यालयों के बीच आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में संजना ने केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2, जमनीपाली की टीम का लोकसभा अध्यक्ष (स्पीकर) के रूप में सफल नेतृत्व किया। उसकी कुशल संचालन क्षमता, संसदीय प्रक्रियाओं की समझ और प्रभावशाली प्रस्तुति ने विद्यालय को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। जमनीपाली कोरबा निवासी संजना अग्रवाल को उसके उत्कृष्ट भाषण, अनुकरणीय नेतृत्व और संसदीय प्रतिभा के लिए प्रशंसा पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। संजना की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, शिक्षकों, अभिभावकों और जिले में हर्ष का माहौल है।

विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

कोरबा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं सहयोग से जय शकुन्तला वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री डिंपल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ प्राधिकरण की टीम से अरुण अनंत एवं राम कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान उपस्थित जनों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित कानूनों तथा विभिन्न जनकल्याणकारी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने भी अपनी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को साझा किया, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

विश्व नशा निषेध दिवस पर उप जेल कटघोरा में जागरूकता कार्यक्रम

कटघोरा। अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर माननीय सुश्री डिम्पल भेड़िया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार उप जेल कटघोरा में बंदियों के लिए नशा मुक्ति एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों के बीच नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा समाज की मुख्यधारा से जोड़कर जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ताओं ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसके परिवार, सामाजिक संबंधों और पूरे समाज पर भी गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के जीवन को अंधकार की ओर ले जाती है, जबकि संयम, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली उसे नई दिशा प्रदान करती है।

न्यायालयः प्रधान जिला न्यायाधीश, जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारीः जयदीप गर्ग)
आदेशिका क्रमांक-782/2026
व्यवहार अपील प्रकरण क्रमांक-12 अ/2026
पेशी तिथि-16.07.2026

ईश्तहार

रामसाय.....अपीलार्थी -:: बनामः: -
लक्ष्मीनारायण वगैरह.....उत्तरवादीगण

प्रेषितिः- उत्तरवादी क्रमांक (1) लक्ष्मीनारायण पिता स्व. शिवदयाल, उम्र-53 वर्ष, उत्तरवादी क्रमांक-(3) तनुजा पिता स्व. शिवदयालय, उम्र 55 वर्ष, उत्तरवादी क्रमांक (4) अभिषेक पिता-कदमसाय, उम्र-26 वर्ष, उत्तरवादी क्रमांक- (5) सिम्पी पिता स्व. कदमसाय, उम्र 23 वर्ष,उत्तरवादी क्रमांक- (7 स) लक्ष्मीन बाई पिता-गोविंद साहू, उम्र-28 वर्ष, उत्तरवादी क्रमांक-(7द) चंद्रमाबाई पिता-गोविंद साहू, उम्र-26 वर्ष,उत्तरवादी क्रमांक- (7 इ) दुलारी बाई पिता-गोविंद साहू, उम्र-24 वर्ष, सभी निवासी ग्राम घिवरा, तहसील जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.)

अपीलार्थी रामसाय पिता-जगेसर साहू, उम्र 75 वर्ष, निवासी ग्राम घिवरा, तहसील-जैजैपुर, हाल मुकाम - ग्राम कुटराबोड़, तहसील-जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.) के द्वारा उत्तरवादीगण लक्ष्मीनारायण वगैरह के विरुद्ध सिविल अपील अंतर्गत आदेश 41 नियम 1 सहपठित धारा 96 व्य.प्र.सं. के तहत न्यायालय-सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, चांपा के व्यवहार वाद क्रमांक 25 अ/2019 पक्षकार गया है। रामसाय बनाम लक्ष्मीनारायण वगैरह, निर्णय एवं डिक्री दिनांक-29.12.2025 से क्षुब्ध होकर प्रस्तुत किया गया है।

आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण में स्वतः अथवा अपने अभिभाषक अथवा आपकी ओर से नियुक्त प्रतिनिधि के माध्यम से नियत तिथि दिनांक-16/07/2026 को सुनवाई हेतु इस न्यायालय के समक्ष समय 10.30 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

यदि किसी कारणवश दिनांक-16/07/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी।

अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

स्थान - जांजगीर, दिनांक-22.06.2026
(जयदीप गर्ग)
प्रधान जिला न्यायाधीश, जांजगीर
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने इंदिरा स्टेडियम में चलाया विशेष अभियान

जिले की 105 स्कूल बसों की सघन जांच, आठ बसों में फायर सेफ्टी में खामी, लगी फटकार

बसों की जांच करते परिवहन विभाग के अधिकारी एवं पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के 50 से अधिक निजी स्कूलों में सैंकड़ों स्कूल बसें दौड़ती है जिसमें प्रतिदिन बच्चों को घर से स्कूल व स्कूल से लाने ले जाने का काम किया जाता है। स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की एक संयुक्त टीम ने एक बड़ी मुहिम चलाई। शहर के इंदिरा स्टेडियम में जिले के विभिन्न स्कूलों की कुल 105 बसों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस दौरान 8 से 10 स्कूल बसों में फायर सेफ्टि उपकरण पुराने पाये जिसे देखकर अफसरों ने स्कूल बस के चालकों को कड़ी फटकार लगाई है।

उल्लेखनीय है कि 15 जून से जिले के स्कूल खुल चुके हैं और स्कूल बस से प्रतिदिन बच्चों को लाने ले जाने का काम किया जा रहा है। स्कूल बसों में बच्चों की सुरक्षा सबसे अहम होती है, इसलिए जिले में दौड़ने वाली स्कूल बस मापदंड में खरे उतर रहे हैं कि नहीं इसे जांचने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, यातायात डीएसपी डीके सिंह, सउनि मनोज राठौर जिला परिवहन अधिकारी अतुल कुमार व उनकी पूरी टीम शुक्रवार को टीपी नगर स्थित इंदिरा स्टेडिम में 105 स्कूल बसों का औचक निरीक्षण किया गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट के सुरक्षा दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करवाना है। जांच के दौरान संयुक्त टीम ने बसों में सुरक्षा से जुड़े हर अहम पहलू को परखा। जिसमें मुख्य रुप से गति नियंत्रण के लिए इसकी क्रियाशीलता जांची गई।बसों के भीतर सुरक्षा निगरानी के लिए कैमरों को चेक किया गया। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए इनकी उपलब्धता देखी गई। फर्स्ट एड बॉक्स और इमरजेंसी डोर आदि का भी मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश बसों में व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं, लेकिन 8 से 10 स्कूल बसों में फायर सेफ्टी उपकरण काफी पुराने और एक्सपायर्ड मिले। बच्चों की सुरक्षा से जुड़े इस संवेदनशील मामले पर अधिकारियों ने गहरी नाराजगी जताई। लापरवाही बरतने वाले स्कूल प्रबंधन और बस संचालकों को अधिकारियों ने कड़ी फटकार लगाई। टीम ने उन्हें सख्त हिदायत देते हुए नए और चालू हालत वाले उपकरण लगाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने साफ किया है कि यह कार्रवाई यहीं नहीं रुकेगी। दिए गए समय की अवधि समाप्त होने के बाद, इन सभी चिन्हित बसों की दोबारा सघन जांच की जाएगी, यदि दोबारा बसों में खामियां पायी गई तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

मेडिकल अस्पताल की टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

इंदिरा स्टेडियम में आयोजित स्कूल बसों की जांच के दौरान यातायात पुलिस को परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बस के चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। मेडिकल हॉस्पिटल से विशेषज्ञ चिकित्सक उनके स्टाफ पहुंचे थे जहां 105 बस चालक परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही चालक परिचालकों का नेत्र परिक्षण भी किया गया। इस दौरान कई चालकों के आंखों में खामी पायी गई जिन्हें दवा उपलब्ध कराया गया साथ ही उन्हें चश्मा के लिए भी निर्देशित किया गया है।

कक्षा 12वीं में छात्रा हो गई थी असफल, मौत को लगाया गले

घटना स्थल का निरीक्षण करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कक्षा 12वीं में दो बार असफल हो जाने के बाद छात्रा फिर से पूरक परीक्षा की तैयारी कर रही थी। इस बीच ना जाने ऐसा क्या हुआ छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। प्रारंभिक जांच के दौरान छात्रा के बार बार असफल हो जाने की वजह को मौत की वजह बतायी जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। सीएसईबी चौकी क्षेत्र के ढोढ़ीपारा भैसखटाल में पूर्व पार्षद धनसाय साहू की 18 वर्षीय पुत्री मेघा साहू ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के मुताबिक मेघा साहू कक्षा 12वीं में दो बार असफल हो चुकी थी। परिजनों ने संभावना जतायी है कि परीक्षा में असफल होने की वजह से वह मानसिक तनाव में थी। सभवतः इसी वजह यह आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। जांच के बाद ही मामला पुरी तरह से स्प्पट होगा कि आखिर छात्रा ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है।

सलिहाभांठा में जल क्रीड़ा करते दिखे हाथी

कोरबा। कटघोरा वनमंडल के ऐतमा नगर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलिहाभाठा जलाशय में 13 हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए हैं। एक साथ 13 हाथियों के झुंड को देखकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल बना हुआ है। हाथियों की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर हाथियों पर निगरानी कर रही है। वन विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों को जलाशय के करीब न जाने और हाथियों के दल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सख्त हिदायत दी है।

केपीएल में अदाणी के जन्मदिन पर किया गया 581 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 64वें जन्मदिवस के अवसर पर कोरबा पावर लिमिटेड (केपील) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बिलासा ब्लड बैंक के तत्वाधान में बुधवार को आयोजित रक्तदान शिविर में केपील संयंत्र के कर्मचारियों व ठेका श्रमिकों ने भाग लिया और बड़ी संख्या में स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

खास बात
- एक हजार पौधों का किया गया रोपण

रक्तदान कार्यक्रम के दौरान कर्मचारी एवं स्वास्थ्य कर्मी।

कार्यक्रम की शुरुआत केपील के चीफ बिजनेस अधिकारी समीर कुमार मित्रा और परियोजना प्रमुख सी वी के प्रसाद के फीता काटने से हुई। इस मौके पर कंपनी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे। इस मौके पर सभी ने केक काटकर समूह के चेयरमैन की लंबी उम्र और समूह के तरक्की की कामना की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरुक करना और रक्तदान के महत्व को समाज़ तक पहुंचाना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केपील के चीफ बिजनेस अधिकारी समीर कुमार मित्रा ने कहा कि रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदान साबित हो सकता है अतः समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान समूह के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने 581 यूनिट से अधिक रक्तदान तथा 1000 पौधों का रोपण कर चेयरमैन का जन्मदिन मनाया, जिसमें 700 से अधिक लोगों ने भाग लिया। हर वर्ष 24 जून को अदाणी समूह द्वारा इस प्रकार का रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। यह आयोजन सामुदायिक कल्याण और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति समूह की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

शिविर के सफल संचालन में बिलासा ब्लड बैंक और केपीएल के डॉक्टरों की टीम ने अहम योगदान दिया, जिसमें डॉ. मिथिलेश प्रसाद, डॉ. सोमेंन सिंह, डॉ. आयुष गुप्ता एवं डॉ. राज नंदिनी साहा उपस्थित रहे। सभी चिकित्सकों ने रक्तदाताओं की देखरेख करते हुए शिविर को व्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराया। इसके अलावा, कार्यक्रम के सुचारु संचालन में टीम के अन्य सदस्यों श्री स्वरज गौतम, सुश्री सोनल परिजात दुबे एवं सुश्री पूजा साहू का भी विशेष योगदान रहा।

कोरबा-कुसमुंडा फोरलेन मार्ग पर लगेगी स्ट्रीट लाइट

कोरबा। कोरबा-कुसमुंडा फोरलेन मार्ग पर अंधेरा पसरा रहता है। अंधेरे में हादसे का खतरा बना रहता है। जल्द ही मार्ग से अंधेरा दूर होगा। मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने की कवायद शुरू हो चुकी है। लाइट लगाने डिवाइडर के बीच खुदाई का काम इन दिनों चल रहा है। कोरबा-कुसमुंडा मार्ग में बीते लगभग 6 वर्षों से रात के समय अंधेरा पसरा रहता है। यहां कुछ एक स्थानों को छोड़ दें तो सर्वमंगला चौक से इमलीछापर चौक तक फोरलेन निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। कोयलांचल होने की वजह से यहां दिन के साथ साथ रात में भी बड़ी आवाजाही रहती है। भारी वाहन मार्ग से 24 घंटे गुजरते हैं। सड़क बनने के बाद स्ट्रीट लाइट का नहीं होना आमजनों के लिए बेहद ही चिंता का विषय बना हुआ था। यहां अंधेरा होने की वजह से लगातार दुर्घटनाएं भी घट रही थी। बीते दिनों उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा फोरलेन के पुनः निर्माण के साथ साथ स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का भूमिपूजन किया गया था। जिसके बाद से सर्वमंगला चौक से इमली छापर चौक के मध्य बने डिवाइडर में स्ट्रीट लाइट लगाने गड्ढे खोदने का कार्य शुरू किया गया है।

जाँजगीर मार्केट
फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

राष्ट्रीय किकबाक्सिंग में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 13 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश किक बाक्सिंग एसोसियेशन के तत्वाधान में इंदौर पब्लिक स्कूल इंदौर में 17 से 21 जून तक सब जूनियर बालक-बालिका वर्ग की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 सौ खिलाड़ी एवं 250 ऑफिशियल ने हिस्सा लिया। जिसमें जिले के सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी से 27 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें वैदिक पलेरिया, काव्या दिनेश एवं नाफिया सिद्दीकी ने स्वर्ण एवं श्रेया लक्ष्मी साहू सहित काव्या ने डबल इवेंट में रजत तथा खुशाल साहू ने एवं समायरा नाहक ने 2 कांस्य एवं शिवा साहू, श्लोक राज राठौर, दिव्या कर्ष तथा आद्या उपाध्याय ने कांस्य पदक पदक जीता।कृति साहू, अवन्या तिवारी, श्रद्धा लक्ष्मी साहू, दिव्यांशी ए, नव्या तिवारी, नूतन तिवारी, प्रियांशु शर्मा, सौरभ साहू, नैना प्रजापति, शशांक निर्मलकर, नितेश साहू, चिराग़ चौहान, ऋषभ पाण्डु, स्पर्श गोयल, मानसी यादव, हिंद यादव, के तेजस्वनी, अपने प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया। इस प्रकार जिले ने 3 स्वर्ण, 2 रजत एवं 8 कांस्य सहित 13 पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया।

TOP IN JANJGIR
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स
जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो . 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

ADMISSIONS OPEN
Balvatika
PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP NURSERY JUNIOR KG SENIOR KG CLASS 1st to CLASS 8th
Founder & Director
DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience
9098888246 | 9098888644

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
Founder & Director
DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience
9098888246 | 9098888644

आम सूचना ईस्तहार
(नाम परिवर्तन हेतु)

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ता विष्णु कुमार साहू (VISHNU KUMAR SAHU) उम्र 44 वर्ष पिता सुरित राम साहू निवासी ग्राम–वार्ड नं. –03, स्कूल पारा, बसंतपुर, तहसील जांजगीर, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैं अपने पुत्र का पुराना नाम देवव्रत साहू (DEVVRAT SAHU) को त्याग कर मेरे पुत्र का नया नाम देव व्रत साहू (DEV VRAT SAHU) रख लिया हूँ। अतः आज से मैं समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र के नए नाम देव व्रत साहू (DEV VRAT SAHU) से ही जाना पहचाना जावे।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा मेरे नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है अगर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार आपत्ति है, तो 15 दिवस भीतर दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकता है। मौखिक आपत्ति को किसी प्रकार से मान्य नही किया जावेगा। इसके बाद की गई आपत्ति पर कोई सुनवाई और विचार नहीं किया जावेगा ।
सो सूचना जाने !

भवदीय
विष्णु कुमार साहू
पिता सुरित राम साहू
ग्राम- बसंतपुर
मो.नं.-8435283379

बालको ने मानसिक स्वास्थ्य पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारी एवं अन्य।

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सिक्योरिटी सर्विसिंग विंग के सहयोग से बालको टाउनशिप स्थित मितान भवन में मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बालको सुरक्षा विभाग के कर्मियों, वेदांता स्किल स्कूल के प्रशिक्षुओं सहित लगभग 200 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना तथा राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से तनावमुक्त एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मुख्यालय, माउंट आबू से पधारे बीके

बच्चों को ड्रेस का किया गया वितरण

कोरबा। प्राशा डोंडकी संकुल पटपरा में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ के साथ मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। पुस्तक, स्टेशनरी सामान ड्रेस वितरण किया गया। विद्यालय प्रवेश उत्सव के साथ न्योता भोज कराया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती अनीता रात्रे, मालती कंवर सहायक शिक्षिका का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच श्रीमती प्रमिला कंवर, उपसरपंच कुशाल सिंह कंवर, संकुल समन्वयक पवन कुमार पैकरा सहित अन्य उपस्थित थे।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

खबर संक्षेप

शासकीय प्राथमिक शाला कमरीद के नवीन भवन का भूमि पूजन

तनौद-कमरीद। विकासखंड पामगढ़ के ग्राम कमरीद में प्राथमिक शाला के नवीन भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ। डीएमएफ मद से स्वीकृत 19.90 लाख रुपए की लागत से स्कूल का नया भवन बनाया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शेषराज हरबंश, विधायक पामगढ़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। नवीन भवन बनने से बच्चों को बेहतर माहौल में पढ़ाई की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष जांजगीर-चांपा, नीरज कुमार खुटें विधायक प्रतिनिधि, सरपंच घासीराम चौहान, उपसरपंच अंजली अमित कुमार तिवारी मौजूद रहे। भूमि पूजन में कपीलनाथ केसरवानी, लालजी प्रजापति, वीर सिंह खुटें, मोहन गोंड, सचिव संतराम केंवट, लाकेश्वर, जीवन लाल, संजय गोंड, दिलहरण चौहान, रामजनक, राजेश सहित सभी पंचगण एवं नारीशक्ति से अमरिका, गौरी चौहान, रामकुमारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। सरपंच घासीराम चौहान ने कहा कि नया भवन बनने से बच्चों को बैठने की उचित व्यवस्था होगी और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

निधन

मदनलाल साहू

जांजगीर-चांपा। ग्राम नेगुरडीह के प्रतिष्ठित नागरिक मदन लाल साहू का रायपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 27 जून को ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, समाज के लोग तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

नाली निर्माण करने की मांग, पंचायत एवं जिम्मेदार विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

पहली ही बारिश में जल मग्न हुई गांव की सड़क घुटनों तक पानी में चलने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

ग्राम देवरानी में पहली बारिश के साथ ही जल निकासी व्यवस्था की पोल खुल गई है। गांव के मुख्य मार्ग व गली में जमा हो गया है। इसके चलते ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम देवरानी में मानसून की पहली बारिश ने ही जल निकासी व्यवस्था की बदहाली उजागर कर दी है। गांव के मुख्य मार्ग स्थित अटल चौक, सुखाऊ राम साहू के घर के पास, पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी गली और सड़क पर जमा हो गया है। स्थिति ऐसी है कि ग्रामीणों को घुटनों तक भरे पानी से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क पर लंबे समय तक पानी जमा रहने से बदबू फैलने लगी है और कीड़े-मकोड़ों सहित जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बढ़ गया है। इसका सबसे अधिक असर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर पड़ रहा है, जिन्हें रोजमर्रा के कार्यों के लिए इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। बारिश का पानी मुख्य मार्ग पर भर जाने से राहगीरों, स्कूली बच्चों एवं दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आसपास मकानों का निर्माण होने के बाद से जल निकासी की समस्या और गंभीर हो गई है, लेकिन अब तक न तो पंचायत और न ही संबंधित विभाग द्वारा कोई स्थायी समाधान किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष बारिश के मौसम में यही हालात निर्मित होते हैं। सड़क तालाब का रूप ले लेती है और लोगों को जान जोखिम में डालकर पानी के बीच से गुजरना पड़ता है। जल निकासी नहीं होने से आसपास के घरों में भी पानी घुसने का खतरा बना रहता है, जिससे लोगों में चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने पंचायत एवं प्रशासन से मांग की है कि अटल चौक क्षेत्र में तत्काल नाली निर्माण एवं जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के मौसम में लोगों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



सड़क पर भरा पानी।

पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर महुआ शराब व गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अकलतरा पुलिस ने अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए संजय नगर, रहस बेड़ा एवं पुरानी बस्ती क्षेत्र में सघन छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध महुआ शराब, गांजा तस्करी एवं मारपीट के अलग-अलग मामलों में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान रहस बेड़ा निवासी शिवकुमारी उर्फ नोना के कब्जे से 6 लीटर, पौड़ीभाठा निवासी विजय कश्यप के कब्जे से 6 लीटर, पुरानी बस्ती निवासी शांति बंजारे एवं कोटमी सोनार निवासी लच्छी गोंड के कब्जे से 8 लीटर तथा अंबेडकर चौक निवासी मानकी बाई के कब्जे से 11 लीटर महुआ शराब जब्त की। इस प्रकार कुल 31 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई।वहीं संजय नगर निवासी रईसा बेगम (45 वर्ष) को 38 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।इसके अलावा मारपीट के एक प्रकरण में खिसोरा निवासी भगत कुमार बंजारे (34 वर्ष) को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री साय

बम्हनीडीह। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 2 जुलाई को नगर पंचायत बम्हनीडीह के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कलेक्टर जन्मेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात, मंच व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। मुख्यमंत्री के आगमन के लिए ग्राम पंचायत खपरीडीह के मैदान का हेलीपैड स्थल के रूप में चयन किया गया है। जिला कलेक्टर जन्मेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। अधिकारियों ने हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की। नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश डडसेना ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में दूर-दूर से कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां लगातार जारी हैं। कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश डडसेना, गोकुल जायसवाल, दुष्यंत सिंह राज, मोहन डडसेना, भूपेंद्र डडसेना, गणेश अजगल्ले, रमेश पटेल, तुषार जायसवाल, आर्यन जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी से समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की अपील की।

- **कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
- मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
- पेशाब की धार कमजोर होना
- पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
- यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
- किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
- किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
- सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व टैंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मदरिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मदरिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166